सुविचार अपने मस्तिष्क को ऊँचे विचारों और उच्चतम आदर्शों से भर दे - स्वामी विवेकानंद    डीजिटल संस्करण https://sbpatra.in पर उपलब्ध

सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

सम्पादक-मधुसूदन शर्मा
सह सम्पादक-बृजेश कुमार शर्मा

वर्ष - २ अंक - ३० सोमवार – १३/०१/२०२४ पृष्ठ – ४ प्रति सोमवार डीजिटल संस्करण

## सम्पादकीय

### भारत की तालिबान उच्चस्तरीय बातचीत

*अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री के साथ भारतीय विदेश सचिव की बुधवार को दुबई में हुई मुलाकात को सामान्य कूटनीतिक कवायद के रूप में नहीं लिया जा सकता। द्विपक्षीय संबंधों के लिहाज से ही नहीं इस पूरे क्षेत्र के भू–राजनीतिक समीकरणों की दृष्टि से भी यह एक महत्वपूर्ण पहल है। भारत ने अफगानिस्तान की तालिबान सरकार को मान्यता नहीं दी है। लेकिन काबुल में तालिबान की सत्ता में दूसरी पारी शुरू होने के बाद से यह पहला मौका है जब भारत ने विदेश सचिव स्तर पर उसके साथ औपचारिक बैठक की है। जो बात इस बैठक को खास बनाती है, वह है इसकी टाइमिंग।*

*पाकिस्तान से खटपट – अभी जब ईरान, इस्राइल की ओर से अपने प्रॉक्सी पर हो रहे हमलों के चलते दबाव में है, रूस यूक्रेन युद्ध में फंसा है और अमेरिका में ट्रंप के सत्ता संभालने का इंतजार हो रहा है, भारत की यह पहल बहुत मायने रखती है। सबसे बड़ी बात यह कि अफगानिस्तान में तालिबान का मुख्य संरक्षक माने जाने वाले पाकिस्तान के साथ उसके रिश्ते खराब हो चुके हैं। अफगानिस्तान की सीमा के अंदर पाकिस्तान द्वारा किए गए हवाई हमले के बाद से दोनों देशों में तनातनी बहुत बढ़ गई है। भारत ने बैठक से पहले ही पाकिस्तान के बरक्स अफगानिस्तान का समर्थन करके अपना पक्ष बिल्कुल स्पष्ट कर दिया था। विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया था कि पाकिस्तान को अपनी आंतरिक समस्याओं के लिए पड़ोसियों को दोषी ठहराने की आदत हो गई है। अफगानिस्तान की जहां तक बात है तो भारत की मुख्य चिंता सुरक्षा को लेकर है। ऐसे में तालिबान का यह वादा महत्वपूर्ण है कि वे अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल भारत के खिलाफ नहीं होने देंगे। भारत का शरणार्थियों के पुनर्वास में मदद देने का आश्वासन इस मायने में भी अहम है कि पाकिस्तान ने अफगान शरणार्थियों को वापस भेजना शुरू कर दिया है।*

## सामुहिक सुर्य नमस्कार - नीमच जिला विधायक , जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधिक्षक की उपस्थीति में नीमच की शिक्षण संस्थाओं के हजारो विद्यार्थियो ने किया सुर्य नमस्कार l

**स्वामी विवेकानंद जन्मदिवस , युवा दिवस के उपलक्ष्य मे 12 जनवरी को योग दिवस सम्पन्न।**



*नीमच में स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस युवा दिवस के उपलक्ष्य में 12 जनवरी 2025 को जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नीमच में आयोजित किया गया। सामूहिक सूर्य नमस्कार का प्रातः 9 30 बजे से आकाशवाणी केंद्र से सीधा प्रसारणकिया गया।राष्ट्रगान, वंदे मातरम, स्वामी विवेकानंदजी की वाणी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश के प्रसारण के साथ ही सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम किया गया। सामूहिक सूर्य नमस्कार मे विधायक श्री दिलीपसिंह परिहार, कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवलसिंह सिसौदिया ,जिला पंचायत सीईओं श्री अरविंद डामोर सहितविद्यार्थीगण, विद्यालय के प्राचार्य व शिक्षकगण, विभिन्न विभागोंके अधिकारी, कर्मचारीगण छात्र–छात्राएं एवं शिक्षक शिक्षिकाओ ने जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार में अपनी सहभागिता निभाई और योग और प्राणायाम किया। विद्यार्थियों ने सूर्य–नमस्कार, योग एवं प्राणायाम किया।इस अवसर पर अतिथियों ने स्कूल परिसर में स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में भोपाल से रेडियों प्रसारण के साथ विधायक श्री परिहार, कलेक्टर, एस. पी. एवं अधिकारियों और बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने कतारबद्ध होकर योग प्राणायाम किया।*

## तमिलनाडु गवर्नर को हटाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका ,राज्यपाल लगातार संविधान का उल्लंघन कर रहे


**राष्ट्रगान बजाने का आदेश देन राज्यपाल का कर्तव्य नही**



*तमिलनाडु के राज्यपाल को हटाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई गई है। जिसमें राष्ट्रपति के सचिव और अन्य को उन्हें टीएन रवि को वापस बुलाने का निर्देश देने की मांग की गई है। याचिका में दावा किया गया है कि रवि ने राज्यपाल के दायित्वों का पालन नहीं कियाऔरलगातार संविधान का उल्लंघन किया है। याचिका लगाने वाले एडवोकेट सीआर जया सुकिन ने कहा– राज्यपाल 6 जनवरी को अपना पारंपरिक संबोधन दिए बिना ही विधानसभा से चले गए। राज्यपाल ने संबोधन की शुरुआत में राष्ट्रगान बजाने कहा था, जबकि ऐसा आदेश देना उनका कर्तव्य नहीं है। दरअसल, 6 जनवरी से शुरू हुए तमिलनाडु विधानसभा सत्र के पहले दिन राज्यपाल ने बिना संबोधन के वॉकआउट कर दिया था।*

## दलित एथलीट से साँठ से ज्यादा लोगो ने रेप किया ,तैरह साल की उम्र मे पहली बार हुआ दुर्व्यवहार

**केरल पुलिस ने ४० लोगो को हिरासात मे लिया जाँच जारी है**



*केरल में एक 18 साल की एथलीट ने दावा किया है कि पिछले 5 साल में 60 से ज्यादा लोगों ने उसका रेप किया। मामलें में अब तक 40 लोगों की पहचान हो गई है, जबकि पुलिस ने अब तक 15 को हिरासत में लिया मांग करते हुई 3 दिन में रिपोर्ट पेश करने को कहा है। केरल में एक 18 साल की एथलीट ने दावा किया है कि पिछले 5 साल में 60 से ज्यादा लोगों ने उसका रेप किया। मामलें में अब तक 40 लोगों की पहचान हो गई है, जबकि पुलिस ने अब तक 15 को हिरासत में लिया है। मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग ने केरल पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुई 3 दिन में रिपोर्ट पेश करने को कहा हैपुलिस ने बताया कि पथानामथिट्टा जिले के दो पुलिस थानों में पांच एफआईआर दर्ज करने के बाद शुक्रवार को 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया*

## शेख हसीना भारत रहे, चाहे जिन्दगी भर मेजबान रहना पडे कॉंग्रेस नेता - मणिशंकर अय्यर

**पाक अंतक फैलाता है और खुद भी अंतक का शिकार है**



*कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने शनिवार को कहा कि बांग्लादेशी की पूर्व पीएम प्रधानमंत्री शेख हसीना जब तक चाहें, भारत में रहने दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा– शेख हसीना ने हमारे लिए बहुत कुछ अच्छा किया है। हम कभी इस बात से असहमत नहीं होंगे। मुझे खुशी है कि उन्हें शरण दी गई। मुझे लगता है कि जब तक हसीना चाहें, हमें उनका मेजबान बने रहना चाहिए, भले ही वह जीवनभर के लिए ही क्यों न हों। उन्होंने कहा कि मुझे इस बात की खुशी है कि भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्री पिछले महीने ढाका गए थे और वहां के अधिकारियों से चर्चा की थी। दरअसल, अय्यर कोलकाता में आयोजित 16वें एपीजे कोलकाता लिटरेरी फेस्टिवल में पहुंचे थे। यहीं उन्होंने ये बात कही। पार्टीशन ने पाकिस्तान बनवाया, भारत में उनसे बात करने का साहस नहीं– अय्यर मणिशंकर अय्यर ने ये भी कहा कि पाकिस्तान एक ऐसा देश है, जो आतंक फैलाता है, लेकिन वह खुद भी आतंक का शिकार है। पाकिस्तान ने सोचा था कि वे अफगानिस्तान में तालिबान को सत्ता में ला सकते हैं, लेकिन आज उनके लिए सबसे बड़ा खतरा अफगानिस्तान में तालिबान है।*

## आप विधायक की गोली लगने से मौत ,गोली सिर के आर-पार हुई अंतिम संस्कार मे सीएम मान भी पहुँचे

**विधायक गुरप्रीत गोगी की खाने खाते वक्त गोली लगने से हुई मोत**



*आप विधायक गुरप्रीत बस्सी को उनके बेटे विश्वास बस्सी ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार में मुख्यमंत्री भगवंत मान समेत अन्य नेता शामिल हुए। पंजाब में लुधियाना की वेस्ट विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी के विधायक गुरप्रीत गोगी (57) की शुक्रवार देर रात 12 बजे गोली लगने से मौत हो गई। वह खाना खा रहे थे। अचानक उनके कमरे से गोली चलने की आवाज आई। पत्नी सुखचौन कौर और बेटा विश्वास दूसरे कमरे में थे। वह दौड़कर गए तो गोगी खून से लथपथ कमरे में गिरे हुए थे। अस्पताल पहुंचने तक उनकी मौत हो गई। शनिवार दोपहर (11 जनवरी) उनका डीएमसी अस्पताल में पोस्टमॉर्टम कराया गया। जिसमें पता चला कि गोली उनके सिर के दाईं तरफ से लगी और बाईं तरफ से बाहर निकलकर आर–पार हो गई। पोस्टमॉर्टम के बाद पार्थिव देह घर लाई गई। यहां से दोपहर बाद करीब 4 बजे लुधियाना के झटड स्कूल के पास श्मशान घाट में उनका राजकीय सम्मान से अंतिम संस्कार किया गया। उनके बेटे विश्वास बस्सी ने उन्हें मुखाग्नि दी।*

## शाह बोले केजरीवाल ने अन्ना जैसे संत का इस्तेमाल किया।



*केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को दिल्ली में झुग्गी बस्ती प्रधान सम्मेलन को संबोधित किया।*

*दिल्ली में गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को झुग्गी बस्ती प्रधान सम्मेलन में कहा कि दिल्ली के झुग्गीवासी झूठे वादे करने वाले अरविंद केजरीवाल को सबक सिखाने जा रहे हैं। 5 फरवरी दिल्ली का आपश्दा से मुक्ति का दिन है। इस दिन दिल्ली को करप्शन से मुक्ति मिलेगी। ।। सरकार ने दिल्ली को नरक बनाने का काम किया है। जिन लोगों ने भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन किया। अन्ना जैसे संत पुरुष को आगे करके सत्ता में आए, उन्होंने इतना भ्रष्टाचार किया कि सारे रिकॉर्ड टूट गए। दिल्ली सरकार 10 साल से डिजास्टर बनी हुई है। पूरा देश कहां से कहां पहुंच गया, लेकिन दिल्ली वाले वहीं रह गए। पंजाब के लोग कह रहे हैं कि केजरीवाल को वोट मत दो, क्योंकि वे झूठे हैं, विश्वासघाती हैं, भ्रष्ट हैं। इस सम्मेलन में राजधानी के करीब 30,000 झुग्गी बस्तियों के प्रधान ने हिस्सा लिया।*

## संजय राउत बोले महाराष्ट्र निकाय चुनाव अकेले लडेगे

*संजय राउत ने कहा– यह फैसला लोकल लेवल पर पार्टी को मजबूत करने के लिए लिया गया है। इडीया ब्लॉक में बढ़ती रार के बीच शिवसेना के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने शनिवार को कहा कि पार्टी मुंबई और नागपुर महानगरपालिका के चुनाव अकेले लड़ेगी। उन्होंने कहा, श्हम मुंबई और नागपुर महानगरपालिका अपने दम पर लड़ेंगे; जो भी होगा, हमें खुद देखना होगा। उद्धव ठाकरे ने हमें संकेत दिया है। मैंने अभी–अभी हमारे नागपुर शहर अध्यक्ष प्रमोद मनमोड़े से इस बारे में चर्चा की है।*

*राउत ने कहा, श्यह फैसला लोकल लेवल पर पार्टी मजबूत करने के लिए लिया गया है। लोकसभा और विधानसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं को मौका नहीं मिलता। इससे पार्टी की ग्रोथ प्रभावित हो रही है। हमें नगर निगम, जिला परिषद और नगर पंचायत में अपने दम पर लड़ना चाहिए और अपनी पार्टी को मजबूत करना चाहिए।श*



डिजीटल संस्करण

https://sbpatra.in

पर उपलब्ध



# सत्य का ब्रह्मास्त्र स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

स्वतंत्र बौद्धिक पत्र (समाचार पत्र)

https//:sbpatra.in


पर डिजिटल संस्करण उपलब्ध

YouTube

SWATANTRA BODDHIK PATRA

खबरों के लिए लोगिंन करे !

https://sbpatra.in/













| (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|
| गुगल सर्च करे - https://sbpatra.in/ | होम पेज पर केटेगिरी मे जाए | ई-पेपर केटेगिरी चुने | समाचार पत्र आपके सामने क्लिक करे ! |

# नि:शुल्क ई-पेपर प्रति सोमवार को वेब पोर्टल

# https://sbpatra.in/

# से डाउनलोड कर सकते है।

## स्वतंत्र बौद्धिक पत्र (समाचार पत्र)



## https//:sbpatra.in



## पर डिजिटल संस्करण उपलब्ध

## अमेरिका से दिल्ली पहुँचा हरियाणा के युवक का शव चौदह दिन परिवार को करना पडा इंतजार कर्ज लेकर भेजा था विदेश अटेक से मोत !

माता पिता ने ३८ लाख का कर्ज लेकर अमेरिका भेजा था।



हरियाणा के युवक का शव 14 दिन बाद अमेरिका से भारत लाया गया, लेकिन शव अभी भी दिल्ली एयरपोर्ट पर रखा हुआ है। उसका अंतिम संस्कार रविवार सुबह उसके पैतृक गांव में किया जाएगा। मृतक युवक की पहचान मनीष के रूप में हुई है, जो करनाल के कुंजपुरा गांव का रहने वाला था। मनीष डंकी के रास्ते अमेरिका गया था। रात को खाना खाने के बाद उसकी तबीयतबिगड़ गई। सीने में तेज दर्द होने पर उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मनीष अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में रह रहा था। मनीष ने हाल ही में टैक्सी ड्राइविंग लाइसेंस लिया था। परिवार ने 38 लाख रुपए का कर्ज लेकर उसे विदेश भेजा था। परिवार 14 दिन से बेटे के शव का इंतजार कर रहा है।किराए के कमरे में रहता था मनीष मनीष के भाई कर्णदीप ने बताया कि उसका भाई 15 महीने पहले अमेरिका गया था। हमने 38 लाख का लोन लेकर उसे अमेरिका भेजाथा। मनीष न्यूयॉर्क में किराए के कमरे में रहता था। रात को खाना खाने के बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। सीने में तेज दर्द होने पर उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उस मृत घोषित कर दिया। परिवार में सबसे छोटा, 4 भाई–बहन – कर्णदीप ने बताया कि हम चार भाई–बहन हैं। मनीष से बड़ी दो बहनें और मैं था। मनीष सबका लाडला था। हमारी एक बहन की शादी हो चुकी है, जो कनाडा में अपने परिवार के साथ रह रही है। मनीष की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। कल पैतृक गांव में होगा अंतिम संस्कार – कर्णदीप ने बताया कि मेरी मां और पूरा परिवार मनीष को आखिरी बार देखना चाहता था। हमने प्रशासन और सरकार से मनीष के शव को भारत लाने की अपील भी की थी। अब उसके दोस्तों और लोगों की मदद से मनीष का शव यहां लाया गया है। शव का अंतिम संस्कार कल गांव में किया जाएगा।


## बलुचिस्तान में मंत्री के घर पर ग्रनेड से हमला

विद्रोहियों ने तीन ठिकोनी को बनाया निशाना

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में शुक्रवार को हथियारबंद विद्रोहियों ने 3 हमले किए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पहले हमले में विद्रोहियों ने बलूचिस्तान के वित्त मंत्री शोएब नौशेरवानी के कारान में स्थित घर पर हैंड ग्रेनेड दागे। दूसरी घटना में कलात के डिप्टी कमिश्नर के घर पर ग्रेनेड फेंके गए। हमले में एक पुलिस गार्ड गंभीर रूप से जख्मी हो गया। तीसरा हमला मसतुंग की पुलिस चौकी पर किया गया। विद्रोहियों यहां से हथियार, वायरलैस सेट और मोटरसाइकिल लूट ले गए। साथ ही पास ही में स्थित एक सीमेंट फैक्ट्री को भी आग के हवाले कर दिया। पुलिस के अनुसार गुरुवार को विद्रोहियों ने खुजदार में एक बैंक और पुलिस थाने में लूटपाट भी की।

## कनाडा के पीएम पद की रेस में भारतीय मूल के सांसद चन्द्र आर्य ने दावेदारी प्रस्तुत की खालिस्तानी आंतक के विरोधी रहे आर्य

आर्य ट्रुडो ओर चरमपंथ खालिस्तान के धुर विरोधी रहा



सांसद चंद्र आर्य ने 22 जून 2024 को कनाडा की संसद में खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की याद में मौन रखने पर ट्रूडो सरकार की आलोचना भी की थी। कनाडा में जस्टिन ट्रूडो के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफे के बाद लिबरल पार्टी के हिंदू नेता चंद्र आर्य ने पीएम पद के लिए दावेदारी पेश की है। चंद्र आर्य भारतीय मूल के कनाडाई सांसद हैं। जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफे के बाद से लिबरल पार्टी में नया लीडर चुनने का काम शुरू हो गया है। कनाडाई सांसद चंद्र आर्य ने गुरुवार को एक्स पर वीडियो पोस्ट कर अपनी उम्मीदवारी का ऐलान किया। चंद्र पहले जस्टिन ट्रूडो के करीबी माने जाते थे, लेकिन खालिस्तानी आतंकवाद और चरमपंथ को लेकर ट्रूडो के रुख के बाद आर्य उनके धुर विरोधी बन गए। दरअसल, 6 जनवरी को प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने पार्टी नेताओं की तरफ से लगातार बढ़ते दबाव के बाद पार्टी लीडर और पीएम दोनों पद से इस्तीफा दे दिया था। वे सितंबर 2021 में तीसरी बार पीएम बने थे। उनकी सरकार का कार्यकाल अक्टूबर 2025 तक था। चंद्र आर्य ने दावेदारी की घोषणा करते हुए कहा– मैं कनाडा का अगला प्रधानमंत्री बनने के लिए चुनाव लड़ रहा हूं, ताकि हमारे देश के पुनर्निर्माण और भावी पीढ़ियों के लिए समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए एक छोटी, अधिक कुशल सरकार का नेतृत्व कर सकूं। हम महत्वपूर्ण संरचनात्मक समस्याओं का सामना कर रहे हैं, जो पीढ़ियों से नहीं देखी गई हैं और उन्हें हल करने के लिए कठिन विकल्पों की आवश्यकता होगी।

## पाक के पंजाब में तीन हिन्दु अगवा डकैतो की माँग साथियो को रिहा करो नही तो जान से मारन की धमकी

पाक के खैबर पख्तूनख्वां में भी सौलाह मझदुर अगवा

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में तीन हिंदू युवकों को अगवा कर लिया गया है। अगवा करने वाले अपराधियों ने पुलिस से उनके साथियों को रिहा करने की मांग की है। साथ ही ऐसा न करने पर अगवा किए गए हिंदुओं को जान से मारने की धमकी दी है। पंजाब पुलिस ने गुरुवार को बताया कि घटना बुधवार को रहिम यार खान जिले के भोंग इलाके में हुई है। यह इलाका पंजाब की राजधानी लाहौर से 400 किमी दूर है। अगवा किए गए हिंदू युवकों के नाम शमन, शमीर और साजन हैं। तीनों युवक भोंग के बेसिक हेल्थ यूनिट के पास मौजूद थे। तभी 5 डकैतों ने उन्हें बंदूक की नोक पर एक वीडियो भी रिलीज किया। इस वीडियो में उसने अहमदपुर लामा पुलिस स्टेशन के इंचार्ज राणा रमजान के चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उसके परिवार के 10 सदस्यों को रिहा करने के लिए कहा। ऐसा न करने पर उसने पुलिस पर हमला करने और हिंदू युवकों की हत्या करने की धमकी दी। डकैतों की तरफ से जारी हुए वीडियो में तीनों युवक जंजीरों में बंधे दिखाई दिए। तीन युवक अधिकारियों से अपनी रिहाई के लिए गुहार लगा रहे थे। पिछले साल भी इस इलाके में डकैतों ने पुलिस वाहनों पर हमला किया था। इस हमले में 12 पुलिसकर्मी मारे गए थे।

## अमेरिका ओर जापान का रूस के खिलाफ प्रर्दशन

अमेरिका और जापान ने शुक्रवार को रूस के खिलाफ यूक्रेन युद्ध की वजह से नए प्रतिबंधों का ऐलान किया। युएस डिपार्टमेंट ऑफ स्टेट के मुताबिक अमेरिका ने रूस की 200 से ज्यादा कंपनियों और व्यक्तियों के साथ 180 से ज्यादा शिप्स पर बैन लगा दिया। इन भारतीय कंपनियों ने रूस से का ट्रांसपोर्ट किया था, जो अमेरिकी प्रतिबंधों का उल्लंघन है। जापान ने भी कई रूसी नागरिकों और कंपनियों की संपत्तियों को फ्रीजकर दिया है। इस अलावा जापान ने कई ऐसे संगठनों के खिलाफ भी प्रतिबंध का ऐलान किया है, जिन्होंने पहले लगाए गए प्रतिबंधों से बचने में रूस की मदद की थी।

## लेबनान में सैन्य कमांडर जोसेफऔन राष्ट्रपति बने ,दो साल से खाली था पद हिजबुल्लाह ने निपटना सबसे बडी चुनौती

यह एक अवैध राजनीतिक हमला ट्रम्प बोले

लेबनान में आर्मी कमांडर जोसेफ औन को नया राष्ट्रपति चुना गया है। गुरुवार को संसद में हुई दो राउंड की वोटिंग के बाद 60 साल के औन को नई जिम्मेदारी मिली है। 2 साल से खाली राष्ट्रपति पद को भरने के लिए अब तक 12 बार कोशिश हो चुकी थी। पहले राउंड में जोसेफ को 128 में से 71 वोट मिले। जो कि बहुमत के लिए जरूरी 86 वोटों से कम था। इसके बाद दूसरे दौर की वोटिंग



हुई। इसमें उन्हें 65 वोट की जरूरत थी। इस दौरान उन्हें 99 वोट मिले और वे राष्ट्रपति चुन लिए गए। सामान्य तौर पर लेबनान में आर्मी कमांडर या पब्लिक सर्वेंट अपने इस्तीफे के 2 साल तक राष्ट्रपति नहीं बन सकते हैं। हालांकि औन के केस में ऐसा नहीं हुआ। वे अभी राष्ट्रपति बनने तक आर्मी चीफ थे। पूर्व राष्ट्रपति मिशेल अमेरिका, सऊदी के पसंदीदा उम्मीदवार थे लेबनान में राष्ट्रपति के लिए वोटिंग ऐसे समय में हुई जब हाल ही में इजराइल और लेबनान के आतंकी समूह हिजबुल्लाह के बीच 14 महीने से चल रहे युद्ध को रोकने के लिए डील हुई थी। पूर्व राष्ट्रपति मिशेल औन अमेरिका और सउदी अरब के पसंदीदा उम्मीदवार माने जा रहे थे इनकी देखरेख में युद्ध बाद लेबनान को फिर से खड़ा करने की चर्चा चल रही थी। मिशेल का कार्यकाल अक्टूबर 2022 में खत्म हुआ था। तब से राष्ट्रपति पद खाली था।

## भगत सिंह को आंतकी कहने पर पाकिस्तान में विवाद बढा ,पुर्व सैन्य अधिकारी को पचास करोड का नोटिस।

भगत सिंह को बीना आंतकी कहने पर बीना शर्त माफि मागने को कहा

भगत सिंह को आतंकी कहने पर पाकिस्तान में विवाद बढ़ा पूर्व सैन्य अधिकारी को 50 करोड़ का कानूनी नोटिस, 17 जनवरी को होगी सुनवाई पाकिस्तान के पुंछ हाउस में कुछ समय लोगों के लिए खोला गया है। यहां पर भगत सिंह के जीवन से जुड़ी चीजे प्रदर्शित की गई थी पाकिस्तान में शहीद–ए–आजम भगत सिंह को आतंकवादी कहने के मामले में नया मोड़ आ गया है। इस मामले में भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन ने पूर्व सैन्य अधिकारी को कानूनी नोटिस भेजा है। साथ ही उनसे आजादी की लड़ाई लड़ने वाले भगत सिंह को आतंकी कहने पर बिना शर्त माफी मांगने को कहा गया है। इतना ही नहीं 50 करोड़ का हर्जाना भी मांगा गया है। यह कानूनी नोटिस एडवोकेट खालिद जमां खान के जरिए पाकिस्तान के पूर्व सैन्य अधिकारी और मेट्रोपोलिटन कॉरपोरेशन लाहौर के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी व पूर्व सैन्य अधिकारी तारिक मजीद को भेजा गया है। नोटिस में कहा गया है कि भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन पाकिस्तान के चेयरमैन इम्तियाज राशिद कुरैशी देशभक्त हैं।वह देश और इस्लाम के प्रति ईमानदार हैं। उन्होंने फाउंडेशन के लिए देश–विदेश से एक भी पैसा नहीं लिया है। नोटिस के मुताबिक कुरैशी भारत और पाकिस्तान को करीब लाने की कोशिश कर रहे हैं। ताकि आम लोगों को फायदा मिल सके। लाहौर स्थित शादमान चौक, जिसका नाम भगत सिंह के नाम पर रखने की योजना थी कोर्ट में पेश की गई रिपोर्ट की भाषा गलत कुरैशी के नोटिस में कहा गया है कि मजीद ने नवंबर में लाहौर हाई कोर्ट में पेश की गई अपनी रिपोर्ट में बेहद गलत और आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया था। अधिकारी ने हाई कोर्ट में लाहौर के शादमान चौक का नाम बदलकर भगत सिंह करने से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान भगत सिंह को आतंकवादी कहा था। उन्होंने बताया था कि पाकिस्तान सरकार ने चौक का नाम बदलने और मूर्ति लगाने की योजना को रद्द कर दिया है। साथ ही फाउंडेशन ने इस मामले में कानूनी लड़ाई लड़ने का फैसला किया था। इससे जुड़े मामले की सुनवाई 17 जनवरी को होगी।

## मालदीव रक्षामंत्री से मुलाकात कर मालदीव को सैन्य मदद कराएगा भारत - रक्षा मंत्री राजनाथ , आठ महिने मे मालदीव का तीसरा बडा दौरा।

भारत ओर मालदीव हिन्द महासागर में सुरक्षा बानाए रखने मे महत्वपूर्ण भुमिक निभाते है





मालदीव के रक्षामंत्री मोहम्मद घासन मौमून और मंत्री राजनाथ सिंह से नई दिल्ली में कई मुद्दों पर हुई चर्चा। मालदीव के रक्षामंत्री मोहम्मद घासन मौमून के तीन दिवसीय भारत दौरे का आज दूसरा दिन है। इससे पहले उन्होंने बुधवार को नई दिल्ली में भारतीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से द्विपक्षीय बातचीत की। इस दौरान राजनाथ सिंह ने मालदीव को विकास परियोजनाओं में मदद और हथियारों की सप्लाई का आश्वासन दिया। राजनाथ सिंह ने कहा– भारत मालदीव को रक्षा सहयोग के सभी क्षेत्रों में ट्रेनिंग, कार्यशालाएं औरसेमिनार के लिए अवसर प्रदान करना चाहता हैताकि मालदीव के राष्ट्रीय रक्षा बलो की क्षमता बढ़ाई जा सके और साथ ही रक्षा उपकरणों और भंडारों की आपूर्ति की जा सके। दोनों नेताओं ने आर्थिक साझेदारी और समुद्री सुरक्षा कलिए मिलकर काम करने पर जोर दिया। राजनाथ सिंह ने मालदीव को भरोसेमंद देश भी बताया। इसके अलावा हाल ही में हुए मालदीव के राष्ट्रपति के भारत दौरे को दोनों देशों के संबंधों में नई दिशा देने वाला भी बताया। राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत और मालदीव हिंद महासागर में सुरक्षा को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नई दिल्ली में मालदीव के रक्षा मंत्री घासन मौमून अपने अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय मीटिंग में शामिल हुए।


खबरों के लिए लोगिंन करे

https://sbpatra.in/


स्वत्याधिकार सम्पादक प्रकाशक मधुसूदन शर्मा / डिजिटल संस्करण प्रति सोमवार स्वतंत्र बौद्धिक पत्र समाचार पत्र की आधिकारिक बेवसाइट https://sbpatra.in/ पर उपलब्ध है अन्य वेब या डिजिटल माध्यमों पर इसे प्रकाशित या इस नाम से , अन्य सामग्री जैसे समाचार पत्र प्रकाशन या इस नाम से कोइ वेब डोमेन खरीदना , दण्डनीय अपराध होगा ,ऐसा करने पर वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है। - सम्पादक मधुसूदन शर्मा